(i) Printed Pages : 4 Roll No. ..............................

(ii) Questions : 8

**Sub. Code : 0 2 0 8**

**Exam. Code : 0 0 0 3**

## B.A./B.Sc. (General) 3rd Semester

## (2122)

## HINDI

## Paper : (Elective)

**Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 90**

**नोट :—सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :—

(i) अब भी सुधारेंगे न हम दुर्दैव-वश अपनी दशा
तो नाम-शेष हमें करेगा काल ले कर्कश कशा !
बस टिमटिमाता दीख पड़ता आज जीवन-दीप है,
हा दैव ! क्या रक्षा न होगी, सर्वनाश समीप है ?

(ii) न गुरु से सीखे वेद पुराण,
न षड्दर्शन न नीति विज्ञान;
तुझे कुछ भाषा का भी ज्ञान,
काव्य, रस, छन्दों की पहिचान ?
न पिक-प्रतिभा का कर अभिमान,
मनन कर, मनन, शकुनि नादान ! 1×8=8

(ख) जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की 'सोचा कवि ने' कविता का उद्देश्य अपने शब्दों में लिखिए। 10

2. (क) निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :—

कहीं कुछ फर्क नहीं पड़ता। बहुत पुरानी और न जाने कितनी बड़ी यह दुनिया है, इसकी कोई थाह नहीं। जो कुछ भी कोई कह दे, हमें उसी पर यकीन करना पड़ता है। और जहाँ तक इन्सान की तरक्की की बात है .... उसने तरक्की-फरक्की कुछ नहीं की है। वह सिर्फ तरक्की, तहज़ीब, तमद्दुन का नाटक खेलता चला आया है।

**अथवा**

मैं भी तब से भूल ही गया ..... मुझे तब इतना नहीं पता था कि यहाँ हर मूल्य की जड़ में वही गुलामी है। आज्ञाकारी होना किसी ऐसे चक्रव्यूह में पैर रखना है ..... मुझे इस धोखे का पता नहीं था। 5

(ख) 'मि. अभिमन्यु' नाटक के आधार पर 'आत्मन' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**अथवा**

नाटक के तत्त्वों के आधार पर 'मि. अभिमन्यु' नाटक की समीक्षा कीजिए। 8

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :—
(प्रत्येक उत्तर के लिए शब्द-सीमा **50** है)

(i) 'जुही की कली' प्रिय के आगमन को क्यों नहीं जान पाई ?

(ii) 'बढ़े चलो' कविता में 'स्वतंत्रता' अपने वीर-पुत्रों का आह्वान किन शब्दों में कर रही है ?

(iii) 'बंदा वैरागी' कविता में बन्दा ने बादशाह को क्या उत्तर दिया ?

(iv) विमल क्या तर्क देकर राजन को त्यागपत्र देने से रोकना चाहती है ?

(v) 'मिस्टर अभिमन्यु' नाटक के अंत में राजन नौकरी से त्यागपत्र देने के अपने निर्णय को क्यों त्याग देता है ?

(vi) 'विमल' के चरित्र की दो प्रमुख विशेषताएँ बताइए। $3 \times 3 = 9$

4. रीतिकालीन कविता की प्रमुख विशेषताओं का उदाहरण-सहित परिचय दीजिए।

**अथवा**

रीतिकाल के प्रसिद्ध कवि 'बिहारी' का साहित्यिक परिचय विस्तार-सहित दीजिए। 8

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :—

(i) 'आर्य भाव' कविता में कौन सिंहनी के समान गरज रहा है ?

(ii) 'दो मित्र' कविता में कवि ने दोनों वृक्षों को मित्र क्यों कहा है ?

(iii) 'सिद्धार्थ' कविता में सिद्धार्थ की चिन्ता का कारण क्या है ?

(iv) 'वाचाल' कविता सुमित्रानन्दन पंत जी की किस रचना से ली गई है ?

(v) 'जाग री' कविता में कौन 'कुल-कुल' सा बोल रहा है ?

(vi) 'मिस्टर अभिमन्यु' नाटक में राजन किसकी इच्छा को पूरा करने के लिए आई. ए. एस. अधिकारी बनता है।

(vii) 'मिस्टर अभिमन्यु' नाटक में राजन की पदोन्नति किस पद पर की जा रही है ?

(viii) राजन केजरीवाल की किस 'मिल' को सील करने का आदेश देता है ?

(ix) गयादत्त आत्मन की आत्महत्या का चश्मदीद गवाह किसे बताता है ?

(x) 'मिस्टर अभिमन्यु' नाटक में नायक के पिताजी का व्यवसाय क्या था ?

(xi) 'रामचन्द्रिका' किसकी रचना है ?

(xii) 'रीतिमुक्त' काव्यधारा के दो कवियों के नाम बताइए।

(xiii) 'भूषण' रीतिकाल की किस काव्यधारा के कवि हैं ?

(xiv) रीतिकाल की किस काव्यधारा के कवियों ने 'लक्षण' और 'उदाहरण' दोनों प्रस्तुत किए ?

(xv) रीतिकाल को 'कला काल' नाम किसने दिया ? $10\times1=10$

6. नाटक के तत्त्वों का विस्तार सहित वर्णन कीजिए।

**अथवा**

नाटक के विभिन्न भेदों-उपभेदों का परिचय दीजिए। 7

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए :—

(क) निम्नलिखित समाकृति भिन्नार्थक शब्द-युग्मों में से किन्हीं **तीन** का अर्थगत अंतर स्पष्ट कीजिए :

(1) जरा – ज़रा

(2) हंस – हँस

(3) चित्त – वित्त

(4) अवधी – अवधि

(ख) संधि किसे कहते हैं ? उसके भेदों के नाम बताते हुए, प्रत्येक का उदाहरण दीजिए।

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** शब्दों की संधि-विच्छेद कीजिए :

राजर्षि, भावुक, उद्योग, तल्लीन।

(घ) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों में से किन्हीं **तीन** को शुद्ध कीजिए :

(1) कोरोना में बहुत से लोग मर गए।

(2) उसका प्राण निकल गया।

(3) सुनिए, वह खिलौना पकड़ा दो।

(4) रोगी बच्चे को शुद्ध गाय का दूध पिलाइए।

(ङ) निम्नलिखित गद्यांश में उचित स्थानों पर विराम-चिह्नों का प्रयोग कीजिए :

मैं एक अल्प बुद्धि जीव हूँ मुझमें इस महान् कृति को यथोचित समझने की क्षमता तो नहीं पर जो कुछ समझ पाया हूँ उससे इसी निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि वह सभी ग्रन्थों में श्रेष्ठ है।

3×5=15

8. निम्नलिखित तकनीकी शब्दावली में से किन्हीं **दस** शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए :—

At Par, Amenity, Ballot Paper, Citation, Decorum, Emigrant, Finance, Grant, Interim, Jurisdiction, Monopoly, Precedence, Unofficial, Recruitment, Warrant. 10